CENTRAL RAILWAY
RAILWAY RECRUITMENT CELL
Chief Project Manager (Conv)'s Office Building,
Wadibunder,P. D'Mello Road, Mumbai - 400 010
Website : www.rrccr.com

**CEN सं. 08/2024 दिनांक 22.01.2025**

**7वें CPC वेतन मैट्रिक्स के लेवल-1 में विभिन्न पदों पर भर्ती**

**शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) के संबंध में सूचना**

1. रेलवे भर्ती सेल/मध्य रेल की दिनांक 06.08.2026 की अधिसूचना के अनुसार, शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए चयनित किए गए सभी उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) की निर्धारित अवधि के दौरान 2-3 दिनों तक रुकने के लिए तैयार रहें। किसी अप्रत्याशित परिस्थिति, प्राकृतिक आपदा अथवा शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) के निर्धारित आयोजन को प्रभावित करने वाली किसी अन्य आकस्मिक स्थिति के कारण शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) के कार्यक्रम में संशोधन/विस्तार/स्पील ओवर किया जा सकता है तथा उम्मीदवारों को शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) में भाग लेने के लिए किसी बाद की तिथि में उपस्थित होने हेतु कहा जा सकता है।

2. अधिसूचना संख्या CEN 08/2024 के पैरा 14.2 (नोट-6) के अनुसार, शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) के लिए चयनित की गई महिला उम्मीदवारों को उचित सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के लिए अपनी वर्तमान गर्भावस्था की स्थिति के संबंध में स्व-घोषणा प्रस्तुत करना आवश्यक है।

3. तदनुसार, इस सूचना के साथ संलग्न महिला चयनित उम्मीदवारों के लिए स्व-घोषणा प्रपत्र को विधिवत भरकर, हस्ताक्षरित करते हुए शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) के लिए रिपोर्टिंग के समय प्रस्तुत करना आवश्यक है।

4. उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) तथा भर्ती प्रक्रिया के आगामी चरणों के संबंध में अद्यतन जानकारी के लिए इस रेलवे की वेबसाइट www.rrccr.com का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें।

संलग्नक : यथोपरि

दिनांक : 28.08.2026

अध्यक्ष/रेलवे भर्ती सेल
मध्य रेल

# महिला उम्मीदवारों के लिए स्व-घोषणा

## (शारीरिक दक्षता परीक्षा – CEN: 08/2024 के तहत लेवल-1 पदों के लिए भर्ती)

| | |
|---|---|
| उम्मीदवार का नाम: | |
| पंजीकरण संख्या: | |
| रोल नंबर: | |
| समुदाय: | |
| PET स्थल: | रेल स्टेडियम, सेंट्रल रेलवे कॉलोनी, अजनी, नागपुर, महाराष्ट्र,<br>पिन कोड 440003. |

नोटिफिकेशन CEN: 08/2024 के पैरा 14.2 (नोट: 6) जिसका शीर्षक "शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET)" है, के अनुसार महिला उम्मीदवारों को उचित सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के लिए अपनी वर्तमान गर्भावस्था स्थिति के बारे में स्व-घोषणा देनी आवश्यक है।

कृपया नीचे दिए गए विकल्पों को ध्यान से पढ़ें और जो कथन आप पर लागू होता है, उस पर टिक (✓) करें:

☐ विकल्प A (गर्भवती नहीं):

- मैं एतद्द्वारा घोषणा करती हूँ कि मैं वर्तमान में गर्भवती नहीं हूँ। मैं आज निर्धारित शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET) में भाग लेना चाहती हूँ।
- मैं समझती हूँ कि गलत या झूठी घोषणा के मामले में, PET की शारीरिक गतिविधियों को करने से जुड़े सभी जोखिम पूरी तरह से मेरे अपने होंगे।

☐ विकल्प B (गर्भवती हूँ):

- मैं एतद्द्वारा घोषणा करती हूँ कि मैं वर्तमान में गर्भवती हूँ।
- मैं समझती हूँ कि चिकित्सा अधिकारियों द्वारा गर्भावस्था की पुष्टि के लिए एक परीक्षण किया जाएगा।
- मैं समझती हूँ कि यदि परीक्षण में मेरी गर्भावस्था की पुष्टि होती है, तो मुझे इस चरण में PET के लिए अस्थायी रूप से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा, चाहे गर्भावस्था की अवधि कुछ भी हो।
- मुझे पता है कि प्रसव (confinement) पूरा होने तक मेरा पैनल में शामिल होना (empanelment) रोक दिया जाएगा।
- मैं समझती हूँ कि पंजीकृत चिकित्सा व्यवसायी से चिकित्सा फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर, प्रसव की तारीख के छह (6) सप्ताह बाद PET के लिए मेरी पुनः जांच की जाएगी।

मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करती हूँ कि ऊपर दी गई जानकारी मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही है। मैंने भर्ती दिशानिर्देशों में विस्तृत शारीरिक दक्षता परीक्षा में छूट और चिकित्सा आवश्यकताओं से संबंधित नियमों को पढ़ और समझ लिया है।

| | |
|---|---|
| तारीख: -<br>स्थान: - | (उम्मीदवार के हस्ताक्षर) |